प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 06.12.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज कर सकते हैं अपने मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा, विचार–मंथन जारी।
2. राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक आज दोपहर तीन बजे से, प्रदेश हित में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को दी जायेगी मंजूरी।
3. रिजर्व बैंक ने रेपो दर को छह दशमलव पांच शून्य प्रतिशत पर बनाए रखने का किया फैसला, लगातार 11वीं बार दर में बदलाव नहीं।
4. नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को एक और सफलता, लातेहार से चार नक्सली गिरफ्तार।
5. कृतज्ञ राष्ट्र आज भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर को उनके 69वें महा परिनिर्वाण दिवस पर अर्पित कर रहा है श्रद्धांजलि।

*********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज अपने मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा कर सकते हैं। कई विभागों पर कांग्रेस की दावेदारी के कारण कल विभागों का बंटवारा नहीं हो सका था। दरअसल, कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल का मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को संबोधित एक पत्र वायरल हुआ है, जिसमें वित्त एवं खाद्य आपूर्ति, स्वास्थ्य और संसदीय कार्य, ग्रामीण विकास व पंचायती राज, कृषि, सहकारिता और आपदा प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विभाग कांग्रेस के मंत्रियों को देने का अनुरोध किया है। चर्चा है कि झामुमो और कांग्रेस के बीच कई विभागों की अदला–बदली की जा सकती है।

*********************

इस बीच हेमंत सोरेन सरकार में सबसे वरिष्ठ मंत्री के रूप में शपथ लेने वाले राधाकृष्ण किशोर ने दावा किया है कि आने वाले पांच साल में राज्य के विकास को नयी दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि वित्तीय प्रबंधन के जरिये राज्य को सशक्त बनाने की पहल की जायेगी।

*********************

हेमंत सोरेन मंत्रिमंडल का विस्तार होने के बाद आज दोपहर तीन बजे से मंत्रिपरिषद् की बैठक बुलायी गयी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में राज्यहित में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी मिल सकती है।

*********************

षष्टम विधानसभा का विशेष सत्र नौ दिसम्बर से बारह दिसम्बर तक बुलायी गयी है। सदन के सुचारू संचालन को लेकर कार्यकारी अध्यक्ष स्टीफन मरांडी विभागों के वरीय पदाधिकारियों के साथ आज दोपहर दो बजे उच्चस्तरीय बैठक करेंगे। इसके बाद कार्यकारी अध्यक्ष की प्रेस सलाहकार समिति के साथ भी बैठक होगी।

*********************

रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने चार के मुकाबले दो के बहुमत से रेपो दर को छह दशमलव पांच शून्य प्रतिशत पर बनाए रखने का फैसला किया है। इसी तरह स्थायी जमा सुविधा दर छह दशमलव दो पांच प्रतिशत और बैंक दर छह दशमलव सात पांच प्रतिशत पर बनी रहेगी। बैंक ने फरवरी 2023 से इन दरों पर यथा स्थिति बनाए रखी है।

*********************

हर वर्ष सात दिसंबर को सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया जाता है। यह परंपरा सन 1949 से निरंतर चली आ रही है। इस सिलसिले में आज सेना के एक पांच सदस्यीय शिष्टमंडल ने राजभवन में राज्यपाल संतोष कुमार

गंगवार से मुलाकात की और उन्हें सेना के झंडे वाला बैज लगाया। इस मौके पर राज्यपाल ने राष्ट्र की उत्कृष्ट सेवा के लिए सैनिकों का आभार जताया।

*********************

नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को एक और सफलता मिली है। पुलिस ने लातेहार जिले से चार नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से लगभग चार दर्जन जिन्दा कारतूस भी मिले हैं। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने बताया कि प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के रिजनल कमांडर छोटू खरवार की हत्या में इन्हीं चारों नक्सलियों की संलिप्तता रही है। उन्होंने बताया कि छोटू खरवार की हत्या पैसे की लेनदेन में हुए विवाद के कारण की गयी थी।

*********************

पाकुड़ जिले में स्कूल—कॉलेजों में पढ़ने वाले युवाओं को यातायात नियमों के प्रति जागरुक करने का प्रयास किया जा रहा है।

*********************

बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर के 69वें परिनिर्वाण दिवस पर आज कृतज्ञ राष्ट्र उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। भारतीय संविधान के शिल्पी डॉक्टर अम्बेडकर के महा परिनिर्वाण दिवस पर राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान के लिए झारखंड समेत देश भर में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्य सभा के उप सभापति हरिवंश और अन्य सांसद तथा प्रमुख नेता नई दिल्ली में संसद भवन परिसर में स्थित प्रेरणा स्थल पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। एक रिपोर्ट

*********************

राज्य के मौसम में एक बार फिर बदलाव देखने को मिलेगा। मौसम विभाग ने वेस्टर्न डिस्टर्बेस की वजह से राज्य के कुछ जिलों में बारिश की संभावना जताई है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के निदेशक अभिषेक आनंद के अनुसार आठ दिसंबर को रांची, पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहार और लोहरदगा में बारिश हो सकती है। उन्होंने बताया कि 9 दिसंबर को भी बारिश का दौरा जारी रहेगा।

*********************

<u>कुछ संक्षिप्त खबरें</u>

- गढ़वा जिले में ओरिएंटेशन सेशन ऑन सिविल सर्विसेस एग्जामिनेशन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त शेखर जमुआर उपस्थित हुए।
- सिमडेगा में जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से मानसिक बीमारी और बौद्धिक अक्षमताओं वाले व्यक्तियों को कानूनी सेवाएं प्रदान करने की पहल की जा रही है। इसके लिए गठित विधिक सेवा इकाई समिति के सदस्यों को व्यवहार न्यायालय के सभागार में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।
- खूंटी जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए जिला परिवहन पदाधिकारी,एनएचएआई के सहायक अभियंता और जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक के द्वारा खूंटी—अड़की सड़क का संयुक्त निरीक्षण किया गया।

*********************